नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस की धरपकड़

नशे की तस्करी में महिला चौथी बार गिरफ्तार, अब मिला 10 किलो गांजा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस की धरपकड़ मुहिम जारी है। इसी क्रम में क्राइम ब्रांच ने एक महिला को 10 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया। पेशे से मजदूर महिला पहले भी तीन बार मादक पदार्थों की तस्करी में गिरफ्तार होकर जेल जा चुकी है।

उधर बागसेवनिया क्षेत्र की एक होटल में रुककर एमडी ड्रग्स के ग्राहकों का इंतजार कर रहा युवक भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर पुलिस उससे नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है। अति पुलिस उपायुक्त अपराध शैलेन्द्र सिंह चौहान के मुताबिक मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली थी, कि गोविंदपुरा में हनुमान मंदिर क पास एक महिला उसके पास झोले में कोई मादक पदार्थ रखा है। संभवतः वह किसी ग्राहक का इंतजार कर रही है। सूचना की तस्दीक करने के बाद पुलिस टीम कस्तूरबा अस्पताल के सामने स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंची।



सीहोर के युवक से एमडी ड्रग्स बरामद

मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने बागसेविनया क्षेत्र स्थित होटल जलसा के कमरा नंबर 403 में पहुंची। होटल के मैनेजर की मदद से कमरा खुलवाया गया। संदेह के आधार पर कमरे में मौजूद युवक और उसके सामान की तलाशी ली गई । उसके पास से एक पारदर्शी प्लास्टिक की पन्नी में सफेद पाउडर जैसा पदार्थ मिला। पूछने पर युवक ने उसे मादक पदार्थ एमडी बताया। आरोपी की पहचान बिलकिसगंज, जिला सीहोर निवासी 34 वर्षीय अनिल राठौर के रूप में हुई। वह पेशे से प्रापर्टी ब्रोकर है। एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर पुलिस आरोपी से सघन पूछताछ कर रही है।

संदेह के आधार पर महिला पुलिस कर्मियों ने महिला की तलाशी ली। इस दौरान उसके पास रखे झोले से 10 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी महिला की पहचान कैंची छोला निवासी 60 वर्षीय किरण पत्नी नरेश अहिरवार के रूप में हुई। पेशे से मजदूरी करना बताने वाली महिला पहले भी तीन बार मादक पदार्थ की तस्करी में गिरफ्तार हो चुकी है। वह पिछले आठ वर्ष से इस तरह का अवैध कारोबार कर रही है। पुलिस उससे गांजा लाने के स्त्रोत के बारे में पूछताछ कर रही है।

छोला क्षेत्र में सिगरेट की डिब्बी में रखी स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

छोला मंदिर थाना पुलिस के मुताबिक मंगलवार को शंकर नगर के सीमेंट गोदाम के पास एक युवक द्वारा स्मैक की पुड़िया (टिकट) लेकर ग्राहकों का इंतजार करने की सूचना मिली थी। इस आधार पर पुलिस टीम ने संदिग्ध रूप से घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली गई। इस दौरान उसके पास से जींस की जेब में सिगरेट की दो डिब्बियां मिलीं। एक डिब्बी में रखी पुड़िया में कागज में लपेटकर रखा भूरे रंग का 7.95 ग्राम पाउडर मिला। दूसरी डिब्बी में कागज की छोटी-छोटी 12 पुड़िया (टिकट) बरामद हुईं। आरोपी की पहचान छोला के सुंदरनगर में शिवमंदिर के पास रहने वाले 23 वर्षीय अभिषेक मीना के रूप में हुई।

केरल फेस्ट जैसे आयोजन आर्थिक स्वावलंबन के भी स्रोत : तोमर

केरल और मध्य प्रदेश के सांस्कृतिक संबंधों पर दिया जोर





नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः विट्टन मार्केट में बुधवार को तीसरे केरल फेस्ट 2026 का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा पर्यटन राज्य मंत्री सुरेश गोपी भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर तोमर ने कहा कि केरल और मध्य प्रदेश के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। आदि गुरु शंकराचार्य का जन्म केरल में हुआ था, जबकि उन्हें ज्ञान की प्राप्ति ओंकारेश्वर में हुई। मध्य प्रदेश सरकार ने इसी स्थल पर 108 फीट ऊंची एकात्म प्रतिमा स्थापित कर उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की है। तोमर ने कहा कि केरल फेस्ट जैसे आयोजन मनोरंजन के साथ आर्थिक स्वावलंबन के अवसर भी उपलब्ध कराते हैं। इनके माध्यम से दोनों प्रदेशों की कलाओं और संस्कृतियों को साझा मंच मिलता है। उन्होंने केरल के वरिष्ठ नेता ओ. राजगोपाल को मध्य प्रदेश से राज्यसभा भेजे जाने का उल्लेख करते हुए इसे विविधता में एकता का उदाहरण बताया। यूनाइटेड मलयाली एसोसिएशन भोपाल के अध्यक्ष ओ.डी. जोसेफ ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि महोत्सव में पारंपरिक कला, नृत्य, संगीत, खान-पान और हस्तशिल्प के माध्यम से सांस्कृतिक विविधता और आपसी एकता का संदेश दिया जा रहा है।

एटीएम कार्ड बदला, महिला के खाते से निकाले 30 हजार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः अशोकागार्डन थाना इलाके में दो शातिर लड़कों ने एटीएम से रुपये निकालने पहुंची महिला का एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से 30 हजार रुपये निकाल लिए। घटना का पता महिला को तब चला, जब उसके मोबाइल फोन पर खाते से रुपये निकाले जाने का मैसेज मिला।

पुलिस एटीएम बूथ और उसके आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज से आरोपियों के बारे में सुराग जुटा रही है। अशोका गार्डन थाने के हवलदार महेश कुमार बघेल ने बताया कि अप्सरा टॉकीज के पास रहने वाली 60 वर्षीय संध्या पत्नी संजय पाटिल गृहणी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि चार नवंबर की शाम सात बजे वह घर के पास पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम से रुपये निकालने पहुंची थीं। उस समय दो लड़के पहले से बूथ में मौजूद थे। रुपये निकालने के बाद वह अपने खाते का विवरण निकालने लगी, लेकिन पर्ची नहीं निकल रही थी। उनमें से एक लड़के ने बोला कि आप पिन नंबर सही नहीं डाल रही हैं। भूल का अहसास होने पर उनके सामने ही महिला ने सही पिन डालकर विवरण पता कर लिया, लेकिन वह मशीन से एटीएम कार्ड निकाले बिना वहां से चली गई। कुछ दूर चलने पर उन्हें कार्ड का ध्यान आया और वापस बूथ में पहुंची और मशीन से कार्ड निकाला। इस बीच शातिर लड़कों ने महिला का कार्ड निकालकर एक फर्जी एटीएम कार्ड मशीन में लगा दिया था। महिला घर पहुंचकर अपने काम काज में लग गई। उधर कुछ देर बाद ही उनके मोबाइल फोन पर खाते से 30 हजार रुपये निकाले जाने का मैसेज मिला। उसके बाद उन्होंने पर्स में रखा एटीएम कार्ड चैक किया, तब उन्हें कार्ड बदले जाने की जानकारी मिली। शिकायत की जांच के आधार पर मंगलवार रात को अज्ञात लड़कों के खिलाफ ठगी, चोरी का केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

संत नामदेव जयंती पर 22 को सामूहिक समारोह

नप्र, भोपाल : संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती के अवसर पर 22 नवंबर को जवाहर चौक स्थित श्री संत नामदेव सामुदायिक भवन में भव्य सामूहिक समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शुरू होगा। मीडिया प्रभारी शिवरतन नामदेव, संयोजक दीपक नामदेव और सहसंयोजक जीवन नामदेव ने बताया कि संत नामदेव की जयंती प्रतिवर्ष 20 नवंबर को मनाई जाती है। विभिन्न क्षेत्रों में स्थित उनके मंदिरों में पूजन-अर्चन और धार्मिक कार्यक्रम किए जाते हैं। अधिक से अधिक परिवारों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सामूहिक समारोह रविवार को आयोजित किया जा रहा है। इसमें भानपुर, कोलार, करोंद, बरखेड़ा पठानी, पिपलानी और बैरागढ़ सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों के समाजबंधु शामिल होंगे। समारोह में संत नामदेव महाराज के दर्शन और पूजन के साथ उनके बताए भक्ति, प्रेम, समानता, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया जाएगा।

बेटी-बहू से बतियाती रही फिर खा लिया जहर, मौत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मिसरोद थाना इलाके की जाटखेड़ी बस्ती में मंगलवार शाम एक महिला घर में बहू ओर बेटी से बतियाती रही, फिर अचानक उसने जहर खा लिया। परिवार के लोग उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां कुछ देर तक चले उपचार के बाद महिला की मौत हो गई।

मिसरोद थाने के एसआई रामकुमार प्रजापति ने बताया कि जाटखेड़ी निवासी बलीराम किसानी करते हैं। पास ही उनके बेटा-बहू और बेटी दामाद भी रहते हैं। मंगलवार शाम को वह खेती के काम से मंडीदीप गए हुए थे। घर में पत्नी 57 वर्षीय श्यामाबाई अपनी बेटी-बहू के साथ बतिया रही थी। कुछ देर बाद वह कमरे में चली गई। घर की महिलाएं भी अपने काम में लग गईं। इस बीच नातिन में नानी को उल्टियां करते देखा, तो अपनी मां को बताया। परिवार के लोग श्यामाबाई को लेकर पास के एक निजी अस्पताल पहुंचे। वहां उपचार कर रहे डॉक्टरों ने बताया कि श्यामाबाई ने घातक जहर की गोली खाई है। रात साढ़े नौ बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

यूबी सिटी कॉलोनी में आवारा कुत्तों का आतंक, दो लोगों को काटा

- 40 वर्षीय कारोबारी और 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला घायल
- रहवासियों ने नगर निगम और पंचायत से की कार्रवाई की मांग की

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कोलार रोड स्थित यूबी सिटी कॉलोनी में बुधवार दोपहर आवारा कुत्तों के हमले की दो घटनाएं सामने आईं। कुत्तों ने 40 वर्षीय कारोबारी और 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला को काटकर घायल कर दिया। दोनों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। हमले में दोनों के पैरों में गंभीर चोटें आई हैं।


घायलों की पहचान अभय परिहार और थॉमस के रूप में हुई है। अभय परिहार पेशे से कारोबारी हैं। उन्हें अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि बुजुर्ग महिला थॉमस का उपचार कोलार अस्पताल में चल रहा है। कुत्तों के हमले की घटनाओं के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं, जिनमें आवारा कुत्ते युवक पर हमला करते दिखाई दे रहे हैं। कॉलोनी निवासी आलोक रघुवंशी ने बताया कि यूबी सिटी कॉलोनी ग्राम पंचायत और नगर निगम के बीच फंसी हुई है। आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए नगर निगम से संपर्क करने पर टीम भेजने से इनकार कर दिया जाता है। वहीं, पंचायत में शिकायत करने पर वहां से भी जिम्मेदारी लेने से मना कर दिया जाता है। रहवासियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभागों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़ने और समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। रहवासियों ने चेतावनी दी है कि दोबारा ऐसी घटना होने पर आंदोलन किया जाएगा।

छठी मैया की भक्ति में रंगा बरखेड़ा पठानी

नप्र, भोपाल : छठ महापर्व के अवसर पर युवा क्रांति रोटी बैंक के तत्वावधान में बुधवार को बरखेड़ा पठानी के एफ सेक्टर मैदान में 'एक शाम छठी मैया के नाम' धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें भक्ति, संस्कृति और सामाजिक सेवा का संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से हुई। इसके बाद छठ पूजा और भगवान श्रीराम की थीम पर नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। इस दौरान जरूरतमंद महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भोजपुरी एवं बॉलीवुड गायिका इंदू सोनाली की प्रस्तुति रही। उन्होंने 'कृपा कईनी छठी माई' सहित लोकप्रिय छठ गीत सुनाकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। पूरा परिसर छठी मैया के जयकारों से गूंज उठा। राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि छठ महापर्व आस्था, संस्कृति और लोक परंपराओं का प्रतीक है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हैं। आयोजक रिंकू ओझा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य छठ की परंपरा और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है।

करीना कपूर के पेंडेंट पहनने पर विवाद, कांग्रेस नेता ने भेजा कानूनी नोटिस

नप्र, भोपाल : बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान की एक इंस्टाग्राम पोस्ट को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस नेता अब्बास हफीज ने भोपाल न्यायालय के माध्यम से अपने वकील जफर के जरिए अभिनेत्री को कानूनी नोटिस भेजा है। उन्होंने करीना से विवादित पोस्ट हटाने और माफी मांगने की मांग की है।



अब्बास हफीज के अनुसार, करीना कपूर ने अपनी पोस्ट में जो आभूषण पहने हैं, उनमें एक पेंडेंट और कलगी शामिल हैं। ये भोपाल रियासत और राजपरिवार की विरासत का हिस्सा हैं। उनका दावा है कि पेंडेंट करीब 400 साल पुराना है और इस पर कुरान की आयतें लिखी हुई हैं।

हफीज ने बताया कि यह पेंडेंट भोपाल की बेगम शाहजहां बेगम और सुल्तान जहां बेगम ने अपनी आस्था और इबादत के लिए बनवाया था। इसे फैशन या दिखावे के लिए नहीं बनाया गया था। हफीज का कहना है कि कुरान की आयतों का मुस्लिम समुदाय में विशेष सम्मान है। ऐसे में धार्मिक आस्था से जुड़ी वस्तु को आभूषण के रूप में प्रदर्शित करने से भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें करीना के कलगी या लिबास पहनने पर आपत्ति नहीं है। कानूनी नोटिस में पोस्ट हटाने, माफी मांगने और भविष्य में ऐसी गलती नहीं दोहराने की मांग की गई है। मांग पूरी नहीं होने पर आगे कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गई है।

गुरुद्वारा संत बाबा जोगा सिंह से निकल रही प्रभात फेरियाँ



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा संत बाबा जोगा सिंह जी, पुराना सुभाष नगर में प्रभात फेरियों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन सुबह 4:15 बजे शुरू होने वाली प्रभात फेरी सुबह 5:40 बजे संपन्न होती है। एक से 21 नवंबर तक अलग-अलग परिवारों और साध संगत की ओर से प्रभात फेरियों की अगवानी की जा रही है।

आयोजन समिति के अनुसार, 22 नवंबर को दोपहर 3 बजे नगर कीर्तन में शामिल होने के लिए संगत रवाना होगी। इसी दिन सुबह 9 बजे श्री अखंड पाठ साहिब प्रारंभ होगा, जिसकी समाप्ति 24 नवंबर को सुबह 11 बजे होगी। इसके बाद दोपहर 11:30 से 1:30 बजे तक कीर्तन होगा। 24 नवंबर को प्रकाश पर्व पर दीवान रात्रि 11 से 1 बजे तक सजेगा। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर वितरित किया जाएगा।

किसान की बाइक चोरी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः बैरसिया थाना इलाके में खेत में पानी फेर रहे किसान की बाइक चोरी चली गई। बैरसिया थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम रमगढ़ा निवासी 35 वर्षीय जगदीश गुर्जर किसान हैं। मंगलवार शाम चार बजे वह घर से कुछ दूर सरखंडी जोड़ के पास अपने खेत में पानी फेरने पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी थी। एक घंटे बाद वह घर जाने के लिए सड़क पर पहुंचे, तो उनकी बाइक चोरी हो चुकी थी। चोरी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस बाइक की खोजबीन कर रही है।

युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

गांधीनगर थाना इलाके की ग्वाल बस्ती के पास मंगलवार सुबह एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गांधी नगर थाना पुलिस के मुताबिक मंगलवार सुबह से एक व्यक्ति ग्वाल बस्ती के पास सड़क किनारे लेटा हुआ था। पास ही उसकी बाइक भी खड़ी हुई थी। जब काफी देर तक वह नहीं उठा तो स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस उसे लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंची। वहां चेक करने के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान छोला मंदिर क्षेत्र निवासी 40 वर्षीय अशोक सोनी के रूप में हुई। घटना स्थल के आसपास ही अशोक के कुछ रिश्तेदार भी रहते हैं। गांधी नगर थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी ने बताया कि मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के इंतजार किया जा रहा है। उससे ही स्पष्ट होगा कि अशोक की मृत्यु किस वजह से हुई।

कैम्पियन स्कूल के पास युवक से मोबाइल फोन झपटा

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र में मंगलवार रात कैम्पियन स्कूल के पास से पैदल गुजर रहे युवक के हाथ से बाइक सवार बदमाश मोबाइल झपटकर फरार हो गए। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की तलाश कर रही है। चूनाभट्टी थाना पुलिस के मुताबिक कोलार कालोनी निवासी 25 वर्षीय समकित पुत्र मदनगोपाल एक निजी फर्म में काम करता है। मंगलवार रात 10:30 बजे वह कैम्पियन स्कूल के पास से शाहपुरा गांव की तरफ पैदल जा रहा था। इस दौरान पीछे से बाइक पर आए दो युवकों में से पीछे बैठे युवक ने समकित के हाथ से मोबाइल फोन झपट लिया। उसके बाद तेजी से भाग निकले। समकित पहले वारदात की शिकायत करने हबीबगंज थाने पहुंचा। वहां घटना स्थल की जानकारी लेने के बाद पुलिस ने उसे चूनाभट्टी थाने भेजा।

आईएसबीटी में अव्यवस्थाओं और नशे के कारोबार पर उठे सवाल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) में नशीले पदार्थों की बरामदगी, बसों में आगजनी, अव्यवस्थित पार्किंग और यात्रियों की सुविधाओं को लेकर मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अनिकेत द्विवेदी ने प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने 12 विभागों और अधिकारियों को शिकायत सौंपकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

द्विवेदी के अनुसार, 14 अक्टूबर, 20 अक्टूबर और 1 नवंबर को तीन अलग-अलग मामलों में करीब 12.85 करोड़ रुपये के मादक पदार्थों की बरामदगी की खबरें सामने आई हैं। उन्होंने आईएसबीटी में पुलिस चौकी होने के बावजूद तस्करी

- युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव अनिकेत द्विवेदी ने तीन मामलों में 12.85 करोड़ के मादक पदार्थों की बरामदगी और बस अग्निकांड को लेकर सौंपा शिकायत पत्र

की घटनाओं पर सवाल उठाते हुए निगरानी व्यवस्था की जांच की मांग की। उन्होंने करीब आठ बसों में लगी आग के मामले में बसों के स्वामित्व, पार्किंग अनुमति और अग्निशमन सुरक्षा मानकों की जांच कराने की मांग भी की है। शिकायत में पुलिस, नगर निगम, परिवहन, अग्निशमन और स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों से जांच रिपोर्ट तथा जिम्मेदारी तय करने की मांग की गई है।

कार्यक्रम | मंदिर की स्वच्छता और प्रत्येक गुरुवार सामूहिक आरती का संकल्प लिया

पूजन-अभिषेक और हवन के साथ मनाया भाई दूज महोत्सव

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः यम द्वितीया एवं भाई दूज के अवसर पर बुधवार को नेवरी स्थित श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर, श्री चित्रगुप्त धाम में भगवान श्री चित्रगुप्त जी का प्रकटोत्सव श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। आयोजन राजा किशन राम पार्वती बाई न्यास और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, जिला भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

कार्यक्रम में भगवान श्री चित्रगुप्त जी का अभिषेक, पूजन-अर्चन, कलम-दवात पूजन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन किया गया। इसके बाद सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण हुआ। भगवान की पोशाक एवं अभिषेक-पूजन का सौभाग्य अभय प्रधान और वंदना प्रधान को मिला।

प्रदेश अध्यक्ष एवं न्यास के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव ने समाजबंधुओं को दीपावली और भाई दूज



की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान चित्रगुप्त का जीवन कर्म, कर्तव्य, न्याय और सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रेरणा देता है। उन्होंने मंदिर परिसर की स्वच्छता बनाए रखने और 'मंदिर चलो अभियान' के तहत प्रत्येक गुरुवार सामूहिक आरती में शामिल होने का संकल्प दिलाया। प्रदेश महामंत्री बृजेश श्रीवास्तव ने सामाजिक एकजुटता और परस्पर सहयोग को समाज की वास्तविक शक्ति बताया। कार्यक्रम में अनीता श्रीवास्तव, दिनेश सक्सेना, सुनयना श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु और श्रद्धालु उपस्थित रहे। समापन पर समाज की सुख-समृद्धि, राष्ट्र की उन्नति और सामाजिक सद्भाव की कामना की गई।

कायस्थम ने श्रद्धा से मनाया यमद्वितीया पर्व

कायस्थ समाज की संस्था कायस्थम मध्य प्रदेश ने बुधवार को भाई दूज एवं यमद्वितीया पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया। प्रोफेसर कॉलोनी स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में पूजन, हवन, महाआरती और प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर चित्रांश बंधुओं को कलम भेंट की गई। सक्रिय कार्यकर्ता उमंग खरे को कायस्थश्री सम्मान से सम्मानित किया गया। पूजन के बाद कायस्थम ने प्रदेश सरकार से भाई दूज, यमद्वितीया और भगवान श्री चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव का उल्लेख शासकीय कैलेंडर में करने की मांग दोहराई। संस्था के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव ने कहा कि अन्य समाजों के पर्वों की तरह कायस्थ समाज के त्योहारों को भी उचित स्थान मिलना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से इन पर्वों पर शासकीय अवकाश घोषित करने की मांग की। श्रीवास्तव के अनुसार, प्रदेश में करीब 10 लाख कायस्थ परिवार हैं। भगवान श्री चित्रगुप्त के प्राकट्योत्सव पर फिलहाल ऐच्छिक अवकाश है, जिसे शासकीय अवकाश में बदलने की मांग संस्था पिछले दो वर्षों से कर रही है।

